# नेपा लिमिटेड में स्वच्छता ही सेवा 2024 का रैली और संस्थान में कार्यरत स्वच्छता दूतों के सम्मान समारोह के साथ समापन किया गया

**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र बुरहानपुर।** नेपानगर में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा 2024 का रैली और संस्थान में कार्यरत स्वच्छता दूतों के सम्मान समारोह के साथ समापन किया गया। नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय से मिल परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक तक कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली के समापन पर सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने उपस्थित अफसर कर्मियों को संबोधित करते हुएं कहा कि








स्वच्छता ही सेवा 2024 भारत सरकार द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान है। उन्होंने कहा कि यह केवल पखवाड़े अथवा दिन विशेष की औपचारिकता बनकर न रह जाएं यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी हैं।उन्होंने उम्मीद जताई कि हम हमारी मिल,प्लांट,एक एक विभाग,नगर, प्रत्येक वार्ड और अपने आस पड़ोस स्वच्छता के लिए अपने श्रमदान (स्वैच्छिक श्रम)का योगदान के लिए आजीवन संकल्पित होंगे।उन्होंने उपस्थित अफसर कर्मियों से यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।कि नेपा लिमिटेड का कोना कोना कचरे से मुक्त हों और संपूर्ण स्वच्छता वास्तविकता बने। इसके पूर्व कार्मिक एवं प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष महेंद्र केशरी ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुएं। बताया कि भारी उद्योग मंत्रालय ने नेपा लिमिटेड में चलाई जा रही स्वच्छता मुहिम को अपने पेज और सोशल मीडिया हैंडल पर स्थान देकर हमारे प्रयासों की सराहना की हैं।जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे बताया कि नेपा लिमिटेड में पिछले एक पखवाड़े से स्वच्छता का यह विशेष अभियान इस साल की विषय वस्तु स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के साथ पूरे हर्षोल्लास और समर्पण के साथ उत्सव की तरह मनाया गया।समापन समारोह पर सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग के कर्मचारी ईशान व्यास को प्रथम,आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी को द्वितीय तथा सामान्य प्रशासन विभाग की प्रशिक्षु खुशी पदराम को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्राफी और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। रंगोली हेतु संगीता लाल,लक्ष्मी सेन, माधुरी धामन्देकर, कोमल राठौर,सौम्या क्षोत्रिय,रीतिका भमोरे,पल्लवी पटेल, प्रियंका गाढ़े,सपना दुबे,जीनत खान, तारिणी नागवंशी, खुशी पदराम,कनक गुरव,अदिति कलोसिया,मीना श्रीवास्तव, काजोल बुगिवाला को नेपा लिमिटेड के पदक के साथ सम्मानित किया गया।

दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 03-10-2024

कार्यक्रम • नेपा मिल की ओर से संचालित स्वच्छता ही सेवा 2024 का समापन

# रैली निकालकर किया पखवाड़े का समापन

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा 2024 का रैली और संस्थान में कार्यरत स्वच्छता दूतों के सम्मान समारोह के साथ समापन किया गया। नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय से मिल परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक तक कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में स्वच्छता रैली निकाली। रैली के समापन पर सीएमडी चोखानी ने अफसर-कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा स्वच्छता ही सेवा 2024 भारत सरकार द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान है। उन्होंने उपस्थित अफसर-कर्मियों से यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का आग्रह किया कि नेपा लिमिटेड का कोना-कोना कचरे से मुक्त हो और संपूर्ण स्वच्छता वास्तविकता बने। कार्मिक, प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष महेंद्र केशरी ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी दी। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे बताया कि नेपा लिमिटेड में पिछले एक पखवाड़े से स्वच्छता का यह विशेष अभियान इस साल की विषय वस्तु स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के साथ पूरे हर्षोल्लास और समर्पण के साथ उत्सव की तरह मनाया गया। समापन समारोह पर सीएमडी चोखानी ने नारा लेखन प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग के कर्मचारी ईशान व्यास को प्रथम, आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी को द्वितीय सामान्य प्रशासन विभाग की प्रशिक्षु खुशी पदराम को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्राफी और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। रंगोली के लिए संगीता लाल, लक्ष्मी सेन, माधुरी धामंदेकर, कोमल राठौर, सौम्या क्षोत्रिय, रीतिका भमोरे, पल्लवी पटेल, प्रियंका गाढ़े, सपना दुबे, जीनत खान, तारिणी नागवंशी, खुशी पदराम, कनक गुरव, अदिति क्लोसिया, मीना श्रीवास्तव, काजोल बुगिवाला को नेपा लिमिटेड के पदक के साथ सम्मानित किया।



सीएमडी ने सफाई मित्रों का सम्मान किया।

